पुUना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT -1 2020-21

**Grade -6** **Subject- Hindi**

1) दूध-भरे-कच्चे, अधपके, मीठे
2) जुंडी - ज्वार
3) रूची से - खुशी से
4) रस से - रस लेकर , स्वाद लेकर
5) संतोषी - संतोष करने वाली
6) रस उँडेलकर - मधुर, मानो शहद घोलकर
7) मुँह बोली - प्यारी
8) विजन - निर्जन स्थान, एकांत
9) जल का मोती-पानी की बूँद
10) गरबीली - स्वाभिमानी
11) शताब्दी-सौ वर्ष
12) दशक-दस वर्ष
13) पोशाक-वेशभूषा
14) फ्रिल-झालर
15) निरा-केवल
16) कमतर-लघुतर, ज्यादा छोटा
17) कोलाहल-शोर
18) सहल-आसान
19) कार्निस-दीवार के ऊपर का आगे बढ़ा हुआ भाग
20) दशक - दस वर्ष
21) अनुमान- अंदाजा
22) प्रस्ताव-सुझाव
23) पेचीदा-मश्किल
24) सूराख- छेद
25) गोरा-चिटटा-बहुत सफ़ेद
26) पोशाक- वेशभूषा
27) गोकि-चूँकि
27) निरा-एकदम
28) दम लेना-विश्राम करना
29) गोल हो जाना-गायब हो जाना
30) मरज़-रोग ,बीमारी

प्र-1-अ) अतिलघु प्रश्न-उत्तर लिखो।

1) चिड़िया को किससे प्यार है?

-चिड़िया को विजन से प्यार है।

2) चिड़िया के पंख कैसे है?

-चिड़िया के पंख नीले है।

3) चिड़िया रूचि से क्या खाती है?

-चिड़िया रूचि-से दूध भरे जुंडी के दाने खाती है?

4) चिड़िया किसके लिए गाती है?

-चिड़िया बूढ़े वन बाबा के लिए गाती है

5) इस संस्मरण में लेखिका किसकी चर्चा कर रही हैं?

- इस संस्मरण में लेखिका अपने बचपन की चर्चा कर रही हैं।

6) लेखिका का जन्म किस सदी में हुआ था?

-20 वीं सदी में।

7) लेखिका को सप्ताह में कितने दिन चॉकलेट खरीदने की छूट थी?

- लेखिका को सप्ताह में एक दिन चॉकलेट खरीदने की छूट थी।

8) दुकान मेंकिस ट्रेन का मॉडल था?

- दुकान में शिमला-कालका ट्रेन का मॉडल था।

9) केशव और उसकी बहन सबह-सुबह आँखे मलते हुए कहाँ पहुँच जाते थे?

उ-केशव और उसकी बहन सुबह-सुबह आँखे मलते हुए कार्निस के सामने पहुँच जाते थे?

10) श्यामा मटके से क्या निकालकर लाई थी?

उ- श्यामा मटके से पानी निकालकर लाई थी।

11) कार्निस के ऊपर कितने अंडे थे?

उ-कार्निस के ऊपर तीन अंडे थे?

12) कविता के कवि का नाम लिखिए।

उ-श्री शमशेर बहादुर सिंह।

13) कौन गोल होकर भी तिरछा नज़र आता है?

उ- चाँद गोल होकर भी तिरछा नज़र आता है।

14) कौन क्या पहने हुए है?

उ- चाँद कुल अकाश पहने हुए है।

लघ प्रश्न

1) चिड़िया को गरबीली क्यों कहा गया है?

उ-चिड़िया जल से भरी उफनती नदी के बीच से भी पानी की बूंदों को चोंच से भरकर ले आती है।यह साहसिक काम के कारण चिड़िया को गरबीली कहा गया है।

2) चिड़िया खाने मेंक्या पसंद काती है?

उ- चिड़िया खाने में दूध भरे ज्वार के दाने पसंद करती है।

3) कविता में कैसी चिड़िया का वर्णन किया गया है?

उ- कविता में छोटी नीले पंखो वाली चिड़िया का वर्णन है जो संतोषी और साहसी है। उसे स्वछंदता से घूमना बहुत पसंद है

4)लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं?

उत्तरः- लेखिका बचपन में इतवार की सुबह अपने मोजे धोती थी। उसके बाद अपने जूते पॉलिश करके चमकाती थी। इतवार की सुबह इसी काम में लगाती थी।

5) लेखिका बचपन में कौन-कौन सी चीज़े मज़ा ले-लेकर खाती थीं?उनमें से प्रमुख फलों के नाम लिखो।

उत्तरः- लेखिका बचपन में चाकलेट और चने जोर गरम और अनारदाने का चूर्ण मज़ाले-लेकर खातीथीं ।रसभरी, कसमल और काफ़ल उनके प्रिय फल थे।

**6) केशव और श्यामा के मन मेंचिड़िया के अंडों को लेकर किस-किस प्रकार के प्रश्न उठते थे?**

**उ-केशव और श्यामा के मन में अंडों को लेकर अनेक प्रश्न उठते थे जैसे कि अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? कितने होंगे? क्या खाते होंगे?उनमे से बच्चे किस तरह आएँगे? बच्चों के पर कैसे निकलेंगे? घोंसला कैसा है?क्योंकि वे अंडोंके बारे में जानना चाहते थे।**

**7) केशव ने श्याम से चिथड़े,टोकरी और दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?**

**उ- जब केशव ने देखा कि अंडें कुछ तिनको पर रखे है तो उसने चिथड़े बिछाकर उस पर अंडें रख दिए।टहनी से टोकरी**

8 कविता में ज्ञआप पहने हुए हैं कुल आकाश‧ कहकर लड़की क्या कहना चाहती है?

उत्तरः- कवितामें ज्ञआपपहनेहुएहैंकुलआकाश‧ कह करलड़की कहना चाहती
है कि चाँद तारों से जड़ी हुई चादर ओढ़कर बैठा है।

## क-दीर्घ प्रश्न-उत्तर लिखो।

1) इस कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

**2) पाठ के अधार पर बताओ कि अंड गंदे क्योंहुए और उन अंडों का क्या हुआ?**

## बाल रामकथा

*प्रश्नों के उत्तर लिखो ।*

१-अयोध्या किस राज्य की राजधानी थी ?

उत्तर-अयोध्या कौशल राज्य की राजधानी थी ।

२ -राजा दशरथ की कितनी रानियाँथी ?

उत्तर-राजा दशरथ की तीन रानियाँ थी।कौशल्या ,कैकयी,सुमित्रा।

३-राजा दशरथ के कितने पुत्र थे ?

उत्तर- राजा दशरथ के चार पुत्र थे। राम,लक्ष्मण,भरत,शत्रुघ्न।

४-राजा दशरथ राम से अधिक प्रेम क्यों करते थे?

उत्तर- राम राजा दशरथ के बड़े पुत्र थे,उनमें सभी मानवीय गुण थे।इसलिए राजा दशरथ राम से अधिक प्रेम करते थे।

पाठ 2

१-वन में विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को कौन सी विधाएँ सिखाई ?

उत्तर-विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को बला और अतिबला नाम की विधाएँ सिखाई ।

२-ताड़का वध से प्रसन्न विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को क्या दिया ?

उत्तर- विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को सौ नए अस्त्र-शस्त्र दिए और अनेक प्रयोग की विधि बताई।

३-मारिच क्योंक्रोधित था?

उत्तर-राम ने मारिच की माँ ताड़का का वध किया था इसलिए वह क्रोधित था।

पाठ 3

1 राजा दशरथ के मन में एकमात्र इच्छा क्या थी ?

उत्तर– राजा दशरथ के मन में एकमात्र इच्छा थी कि राम का राज्याभिषेक हो।

प्रश्न–ध राम के अयोध्या वापस लौटने पर राजा दशरथ ने क्या किया ?

उत्तर– राम के अयोध्या वापस लौटते ही राजा दशरथ ने राम को राज – काज में शामिल करना शुरू कर दिया।

## व्याकरण

**( संज्ञा )-किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी और भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।**

**संज्ञा के भेद-**

**1-व्यक्तिवाचक संज्ञा-केदारनाथ, ताजमहल, रानायण, चेतक(घोड़ा)।**

**2-जातिवाचक संज्ञा-पुस्तक, दीवार, लड़का, देश, नगर, मछली।**

**3-भाववाचक संज्ञा-मिठास, बचपन, पढ़ाई, हँसी।**


## सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते है।

**स्वर**–जिनवर्णोंकेउच्चारणमेंदूसरेवर्णोंकीसहायतानहींलेनीपड़ती, वेस्वरकहलातेहैं।

→ स्वरोंकीसंख्या **ऋःऋ** होतीहै।

→ ञञअ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औञ।



मौखिक भाषा→ जब हम अपने मन के भावों को बोलकर प्रकट करते हैं तो उसे मौखिक भाषा कहते हैं।

लिखित भाषा→ जब हम अपन विचारों को लिखकर प्रकट करते हैं तो उसे हम लिखित भाषा कहते हैं। राजस्थान - राजस्थानी, मारवाड़ी

बोली–भाषा के क्षेत्रीय रूप को बोली कहते है।

लिपि–भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता हैं।

जैसे -**हिन्दी**- देवनागरी

अंग्रेज - रोमनलिपि

उर्दू - फ़ारसी

पंजाबी - गुरुमुखीलिपि

**व्याकरण- जिस शास्त्र से भाषा के शदध रूप और प्रयोग का ज्ञान होता है,उसे व्याकरण कहते हैं।**